समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# तीसरे टेस्ट मे जोफ्रा आर्चर को लेकर जेम्स एंडरसन का बड़ा बयान, बोले- इंग्लैडं को लेना चाहिए यह चांस।

Publisher

Published on 08 Jul 2025



## इंग्लैडं-भारत टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर, लॉर्ड्स टेस्ट से पहले जोफ्रा आर्चर की प्लेइंग XI मे वापसी को लेकर चर्चा तेज।

**IND vs ENG 3rd Test:** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का **तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स** में खेला जाएगा। इस मैच से पहले इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज **जेम्स एंडरसन** ने **जोफ्रा आर्चर** को टीम में शामिल करने की सलाह दी है। एंडरसन का मानना है कि **इंग्लैडं को इस अहम मुकाबले मे आंर्चर के अनुभव और गति का फायदा उठाना चाहिए**।

**भारत ने एजबेस्टन मे रंचा इतिहास, सीरीज 1-1 पर बराबरी**
भारत ने **एजबेस्टन टेस्ट मे 336 रनों** से शानदार जीत दर्ज कर सीरीज में वापसी की। यह मैदान पर भारत की पहली टेस्ट जीत थी। इससे पहले इंग्लैंड ने पहला मुकाबला **पांच विकेट** से जीता था। ऐसे में **लॉर्ड्स** में होने वाला तीसरा टेस्ट निर्णायक माना जा रहा है।

**एंडरसन बोले- जोफ्रा आर्चर को तुरंत खिलाना चाहिए**
**जेम्स एंडरसन** ने ICC से बातचीत में कहा,
"मुझे लगता है कि जोफ्रा आर्चर को तीसरे टेस्ट में मौका मिलना चाहिए। वह ससेक्स के लिए खेल चुके हैं और एजबेस्टन में टीम के साथ अभ्यास भी किया था। अगर आप उन्हें बाद में खिलाने का सोचेंगे तो बहुत देर हो जाएगी। लॉर्ड्स टेस्ट बेहद अहम है, इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।"

## चोट से उबरकर जोफ्रा आर्चर की वापसी

**जोफ्रा आर्चर** ने साल 2019 के बाद से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। उन्होंने हाल ही में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की है और ससेक्स के लिए लाल गेंद से गेंदबाजी की है। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा,

"जोफ्रा फिट नजर आ रहे हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में क्या कर सकते हैं, यह सभी जानते हैं। हमें उम्मीद है कि वह फिर से अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराएंगे।"

## इंग्लैडं की तीसरे टेस्ट के लिए टीम

इंग्लैंड ने **लॉर्ड्स टेस्ट** के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। **गस एटकिंसन** को टीम में शामिल किया गया है। टीम इस प्रकार है:

**इंग्लैडं की टीम :**बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

## भारत के लिए भी अहम मुकाबला

भारत के लिए यह मुकाबला सीरीज में बढ़त लेने का बड़ा मौका होगा। कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरना चाहेगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.